**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 163**
**सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)**

**सुरक्षा और श्रम मुद्दों का अनुपालन**

**163. श्री चन्द्रशेखर साहू:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के तीव्र आर्थिक विकास और वैश्विक बाजारों में इसके एकीकरण के संदर्भ में सुरक्षा और श्रम संबंधी मुद्दों का समाधान किए जाने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में विशेषकर ओडिशा और महाराष्ट्र में सुरक्षा और श्रम संबंधी मुद्दों के अनुपालन की जांच करने के लिए सरकार के पास मौजूद तंत्र का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इसका अनुपालन न किए जाने से गैर-टैरिफ व्यापार बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं जिससे हमारी विकास बाधित हो सकता है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा देश में सुरक्षा और श्रम संबंधी मुद्दों को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (ङ): सरकार ने इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कारखानों में नियोजित कामगारों की व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 अधिनियमित किया है। इस अधिनियम एवं इसके तहत तैयार किए गए नियमों में स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण, जोखिमकारी प्रक्रियाओं, कार्य घंटे, दंड और पद्धतियों आदि से संबंधित विस्तृत प्रावधान हैं।

कारखाना अधिनियम, 1948 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अपने मुख्य कारखाना निरीक्षक (सीआईएफ)/औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशक (डीआईएसएच) के माध्यम से लागू किया जाता है।

कार्यस्थल पर गैर-अनुपालन, असुरक्षित परिस्थितियों और असुरक्षित रूप से किए गए कार्यों से होता है, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटना/ खतरनाक घटनाएं घट सकती है, जिससे मृत्यु, संपत्ति एवं कार्य स्थल की हानि हो सकती है। इससे कार्यस्थल पर उत्पादकता में क्षति होती है और अंततः कार्य स्थल पर उत्पादन बाधित होता है।

जारी---

इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत कारखानों के अधिभोगी और प्रबंधकों से यह अपेक्षित है कि वे कारखाना अधिनियम, 1948 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों का अनुपालन करें। इसके किसी भी प्रावधान के उल्लंघन के मामले में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सीआईएफ/ डीआईएसएच को कारखानों के अधिभोगी और प्रबंधक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई आरंभ करने का अधिकार है।

डीजीएफएएसएलआई द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार कैलेण्डर वर्ष 2020 से 2022 के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 92 और 96-क के अंतर्गत अभियोजन और दोषसिद्धि का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, कारखाना अधिनियम, 1948 को व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशा संहिता, 2020 में सम्मिलित कर दिया गया है। संहिता को 29 सितंबर, 2020 को अधिसूचित किया गया है।

*

*****

<u>अनुबंध</u>

"सुरक्षा और श्रम मुद्दों का अनुपालन" के संबंध में श्री चंद्र शेखर साहू और श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 163 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

<u>कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 92 और 96क के अंतर्गत अभियोजन और दोषसिद्धि</u>

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अभियोजनों की संख्या | | | दोषसिद्धयों की संख्या | लगाया गया जुर्माना | |
| | | पिछले वर्ष से लंबित | वर्ष के दौरान आरंभ किया गया | वर्ष के दौरान लिया गया निर्णय | | कारावास | लगाया गया कुल जुर्माना |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | # | # | # | # | # | # |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1281 | 256 | 18 | 8 | # | 317000 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 4 | असम | 133 | 5 | # | # | # | # |
| 5 | बिहार | 243 | 20 | # | # | # | # |
| 6 | चंडीगढ़ | # | # | # | # | # | # |
| 7 | छत्तीसगढ | 364 | 204 | 108 | 98 | # | 4554501 |
| 8 | दमन व दीव एवं दादरा और नगर हवेली | # | # | # | # | # | # |
| 9 | दिल्ली | 206 | 30 | 33 | 33 | # | 70000 |
| 10 | गोवा | 12 | 1 | 1 | # | # | # |
| 11 | गुजरात | 16397 | 1466 | 379 | 379 | # | 3615800 |
| 12 | हरियाणा | 9157 | 2180 | 912 | 598 | # | 3522500 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 427 | 44 | # | # | # | # |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 26 | 16 | 10 | 10 | # | 49000 |
| 15 | झारखंड | 369 | 11 | 1 | # | # | # |
| 16 | कर्नाटक | 694 | 103 | 83 | 27 | 8 | 1172000 |
| 17 | केरल | 197 | 33 | 24 | 14 | # | 246000 |
| 18 | लक्षद्वीप | * | * | * | * | * | * |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2112 | 98 | 4 | # | # | 114000 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2481 | 405 | 226 | 224 | # | 6408000 |
| 21 | मणिपुर | # | # | # | # | # | # |
| 22 | मेघालय | # | # | # | # | # | # |
| 23 | मिजोरम | # | # | # | # | # | # |
| 24 | नागालैंड | # | # | # | # | # | # |
| 25 | ओडिशा | 2606 | 77 | # | # | # | # |
| 26 | पुदुचेरी | 5 | 4 | 4 | # | # | # |
| 27 | पंजाब | 1102 | 9 | 16 | 2 | 1 | 256700 |
| 28 | राजस्थान | 283 | 31 | 4 | # | # | 60000 |
| 29 | सिक्किम | * | * | * | * | * | * |
| 30 | तमिलनाडु | 10927 | 2231 | 1089 | 1067 | 1 | 10242500 |
| 31 | तेलंगाना | 2668 | 184 | 111 | 98 | # | 1840000 |
| 32 | त्रिपुरा | 4 | # | # | # | # | # |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 2391 | 70 | 5 | 5 | # | 194000 |
| 34 | उत्तराखंड | 19 | 12 | 19 | # | # | # |
| 35 | पश्चिम बंगाल | # | # | # | # | # | # |
| **कुल** | | **54104** | **7490** | **3047** | **2563** | **10** | **32662001** |

**डाटा स्रोत**: डीजीफासली द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कारखाना निरीक्षक (सीआईएफ) के साथ पत्राचार के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़े।

**नोट**: (i) *: इस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कोई पंजीकृत कारखाने नहीं हैं।

(ii) #: सी.आई.एफ. द्वारा डेटा नहीं भेजा गया/शून्य डेटा

कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 92 और 96 क के अंतर्गत अभियोजन और दोषसिद्धि

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अभियोजनों की संख्या | | | दोषसिद्धियों की संख्या | लगाया गया जुर्माना | |
| | | पिछले वर्ष से लंबित | वर्ष के दौरान आरंभ किया गया | वर्ष के दौरान लिया गया निर्णय | | कारावास | लगाया गया कुल जुर्माना |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | # | # | # | # | # | # |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1562 | 602 | 215 | 215 | # | 3459500 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 4 | असम | 22 | # | # | # | # | # |
| 5 | बिहार | 263 | 30 | # | # | # | # |
| 6 | चंडीगढ़ | # | # | # | # | # | # |
| 7 | छत्तीसगढ | 460 | 178 | 181 | 104 | # | 15861000 |
| 8 | दमन व दीव एवं दादरा और नगर हवेली | # | # | # | # | # | # |
| 9 | दिल्ली | 203 | 32 | 15 | 32 | # | 159000 |
| 10 | गोवा | 17 | 6 | 3 | 2 | # | 60000 |
| 11 | गुजरात | 17484 | 2312 | 1376 | 1285 | # | 13022500 |
| 12 | हरियाणा | 8146 | 3120 | 2541 | 1823 | # | 7302500 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 471 | 26 | 34 | 34 | # | 623000 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 31 | 17 | 7 | 7 | # | 20000 |
| 15 | झारखंड | 367 | 16 | 1 | # | # | # |
| 16 | कर्नाटक | 714 | 88 | 80 | 30 | 6 | 1172000 |
| 17 | केरल | 207 | 31 | 37 | 26 | 2 | 683500 |
| 18 | लक्षद्वीप | * | * | * | * | * | * |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2206 | 91 | 30 | # | # | 1554000 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2429 | 547 | 412 | 83 | # | 5675500 |
| 21 | मणिपुर | # | # | # | # | # | # |
| 22 | मेघालय | # | # | # | # | # | # |
| 23 | मिजोरम | # | # | # | # | # | # |
| 24 | नागालैंड | # | # | # | # | # | # |
| 25 | ओडिशा | 2683 | 60 | 3 | # | # | # |
| 26 | पुदुचेरी | 5 | 8 | 7 | # | # | 440000 |
| 27 | पंजाब | # | # | # | # | # | # |
| 28 | राजस्थान | 310 | 22 | 7 | # | # | 655000 |
| 29 | सिक्किम | * | * | * | * | * | * |
| 30 | तमिलनाडु | 7559 | 1682 | 1335 | 1297 | # | 12149000 |
| 31 | तेलंगाना | 2825 | 179 | 144 | 72 | # | 1935000 |
| 32 | त्रिपुरा | 8 | 1 | 2 | 2 | # | 11000 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 34 | उत्तराखंड | 12 | 20 | 19 | # | # | # |
| 35 | पश्चिम बंगाल | # | # | # | # | # | # |
| **कुल** | | **47984** | **9068** | **6449** | **5012** | **8** | **64782500** |

**डाटा स्रोत**: डीजीफासली द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कारखाना निरीक्षक (सीआईएफ) के साथ पत्राचार के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़े।

**नोट**: (i) *: इस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कोई पंजीकृत कारखाने नहीं हैं।

(ii) #: सी.आई.एफ. द्वारा डेटा नहीं भेजा गया/शून्य डेटा

**कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 92 और 96 क के अंतर्गत अभियोजन और दोषसिद्धि**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | 2022 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अभियोजनों की संख्या | | | दोषसिद्धयों की संख्या | लगाया गया जुर्माना | |
| | | पिछले वर्ष से लंबित | वर्ष के दौरान आरंभ किया गया | वर्ष के दौरान लिया गया निर्णय | | कारावास | लगाया गया कुल जुर्माना |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | # | # | # | # | # | # |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1925 | 269 | 168 | 137 | # | 2526000 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 4 | असम | 22 | 26 | # | # | # | # |
| 5 | बिहार | 273 | 34 | # | # | # | # |
| 6 | चंडीगढ़ | # | # | # | # | # | # |
| 7 | छत्तीसगढ | 457 | 238 | 238 | 144 | # | 19198000 |
| 8 | दमन व दीव एवं दादरा और नगर हवेली | # | # | # | # | # | # |
| 9 | दिल्ली | 220 | 30 | 49 | 49 | # | 614000 |
| 10 | गोवा | 22 | 2 | 2 | 1 | # | 50000 |
| 11 | गुजरात | 14619 | 2806 | 3890 | 1497 | # | 22444000 |
| 12 | हरियाणा | 6814 | 4787 | 3256 | 1946 | # | 10924200 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 41 | 13 | # | # | # | # |
| 15 | झारखंड | 412 | 33 | 2 | # | # | # |
| 16 | कर्नाटक | 613 | 194 | 155 | 86 | 10 | 3311100 |
| 17 | केरल | 216 | 22 | 45 | 37 | # | 811000 |
| 18 | लक्षद्वीप | * | * | * | * | * | * |
| 19 | मध्य प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 20 | महाराष्ट्र | 2546 | 481 | 457 | 377 | # | 14526000 |
| 21 | मणिपुर | # | # | # | # | # | # |
| 22 | मेघालय | # | # | # | # | # | # |
| 23 | मिजोरम | # | # | # | # | # | # |
| 24 | नागालैंड | # | # | # | # | # | # |
| 25 | ओडिशा | # | # | # | # | # | # |
| 26 | पुदुचेरी | 6 | 1 | 1 | # | # | 90000 |
| 27 | पंजाब | # | # | # | # | # | # |
| 28 | राजस्थान | 325 | 20 | 13 | 4 | # | 15000 |
| 29 | सिक्किम | * | * | * | * | * | * |
| 30 | तमिलनाडु | # | # | # | # | # | # |
| 31 | तेलंगाना | # | # | # | # | # | # |
| 32 | त्रिपुरा | 8 | 4 | 4 | 2 | # | 90000 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | # | # | # | # | # | # |
| 34 | उत्तराखंड | 13 | 19 | 19 | # | # | # |
| 35 | पश्चिम बंगाल | # | # | # | # | # | # |
| **कुल** | | **28532** | **8979** | **8299** | **4280** | **10** | **74599300** |

**डाटा स्रोत**: डीजीफासली द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कारखाना निरीक्षक (सीआईएफ) के साथ पत्राचार के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़े।

**नोट**: (i) *: इस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कोई पंजीकृत कारखाने नहीं हैं।
(ii) #: सी.आई.एफ. द्वारा डेटा नहीं भेजा गया/शून्य डेटा